ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहॉपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक 29.10.2020

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- पीएम स्वनिधि योजना की लाभार्थी श्रीमती रेनू पत्नी महेन्द्र के छोले भटूरे कचौड़ी कार्नर के ठेले पर अचानक पहुॅचे जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय तथा किया छोले भटूरे कचौड़ी की तारीफ।

- जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह आज दिनांक 29.10.2020 को अपरान्ह सदर बाजार हाजी बिल्डिंग के पास छोले भटूरे के ठेले पर अचानक पहुॅचे । जिलाधिकारी महोदय द्वारा ठेला संचालिका रेनू पत्नी स्व0 महेन्द्र द्वारा ठेले पर तैयार किये जा रहे खाद्य साम्रगी का निरीक्षण किया गया तथा छोले भटूरे को खाकर खाने तारीफ की गई। उल्लेखनीय है कि शहरी पथ विक्रेताओ के लिये संचालित पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत श्रीमती रेनू को ऋण आवंटित किया गया है। दिनांक 27.10.2020 को मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा शहरी पथ विक्रेताओ से वर्चुवल संवाद स्थापित किया गया। इस कार्यक्रम में श्रीमती रेनू द्वारा भी प्रतिभाग किया गया था। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित प्रत्येक प्रतिभागियो से उनके कार्य के बारे मे जानकारी ली गई थी। श्रीमती रेनू द्वारा जिलाधिकारी महोदय को बताया गया कि उसके द्वारा सदर बाजार में छोले भटूरे का ठेला लगाया जाता है। जिलाधिकारी महोदय ने किसी भी दिन पहुॅचकर उसके कार्य को देखने एवं खाद्य पदार्थ का निरीक्षण करने को कहा था। उल्लेखनीय है कि श्रीमती रेनू की पति महेन्द्र द्वारा पिछले लगभग 15 वर्षो से ठेला लगाकर अपने परिवार का पालन पोषण किया जा रहा था। वर्ष 2018 में पति के मृत्यु हो जाने के कारण सारी जिम्मेदारी श्रीमती रेनू पर आ गई। रेनू ने हिम्मत न हारते हुये खुद अपने परिवार की जिम्मदारी ली,तबसे अब तक अपने 03 बच्चो देव कश्यप आयु–14 वर्ष, माही कश्यप–13 वर्ष एवं विराज कश्यप–11 वर्ष के साथ–साथ 02 व्यक्तियो श्री राजू एव श्री जम्बू को रोजगार देकर भी उनके परिवार का भरण पोषण कर रही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा श्रीमती रेनू को मिशन शक्ति नारी सम्मान,सुरक्षा एवं स्वालम्बन का एक अनुकरणीय उदाहरण बताया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा श्रीमती रेनू की तारीफ की गई एवं उनके इस कार्य ही सराहना की गई। इस मौके पर नगर आयुक्त महोदय, श्री संतोष कुमार शर्मा, अपर जिलाधिकारी श्री रामसेवक द्विवेदी,उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे, परियोजना अधिकारी (डूडा) श्री अतुल कुमार एवं अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

- नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार सफाई अभियान एवं ईद–मिलाद–उन नबी (बाराफात) के अन्तर्गत नगर की मस्जिदो व उनके आस–पास साफ–सफाई एवं नगर में नियमित रूप से सफाई के अतिरिक्त सभी सफाई जोनो में विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

नगर आयुक्त. महोदय के निर्देशानुसार सफाई अभियान एवं ईद–मिलाद–उन नबी (बाराफात) के अन्तर्गत नगर में नियमित सफाई के अतिरिक्त सभी सफाई जोनो विशेष सफाई अभियान चलाया गया। सफाई जोन–1 में हाथीथान,सफाई जोन–2 बृज बिहार कालोनी, सफाई जोन–3 मो0 बाबूजई,सफाई जोन–4–मो0 जियाखेल सफाई जोन–5 मो0 ख्वाजा फिरोज में। इन स्थानो पर श्री पवन कुमार, श्री राजमंगल,श्री चन्द्रवीर सागर, एवं सुनील शाक्या, सफाई निरीक्षको तथा सफाई नायको के नेतृत्व में वृहद सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव कराया गया।

- ईद मिलाद–उन–नबी (बाराफात) के दृष्टिगत नगर के विभिन्न नगर के मस्जिदो पर प्रकाश व्यवस्था ठीक कराते हुये सफाई व चूने के छिड़काव के साथ–साथ कराया गया सेनेटाईशन। नगर के धार्मिक स्थलो के आस–पास नियमित रूप से सफाई कराये जाने का निर्देश दिया गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा आज दिनांक 29.10.2020 को ध्वनि विस्तारण के माध्यम से नियिमत रूप से हाथ धोने, मास्क लगाने, दो गज की दूरी रखने तथा संक्रमण के बचाव का उपाय बताते हुये लोगो को जागरूक करने के साथ–साथ साफ–सफाई, सेनेटाईजेशन, फागिंग, कीटनाशक का छिड़काव एवं कूड़े निस्तारण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विशेष अभियान के अन्तर्गत सार्वजनिक स्थाना, पार्को, खाली प्लाटो एवं सड़को के किनारे पड़े पर कूड़े को प्राथमिकता के आधार पर साफ कराया जा् रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बिना किसी कार्य के बाहर न निकले, मास्क का प्रयोग करने, अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु अपील किया गया। सार्वजनिक स्थानो पर गंदगी करने,थकने,मास्क न पहने आदि पर जुर्माना लगाने एवं चालान करने निर्देश दिया गया है।. नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार प्रतिबन्धित पालीथीन के उपयोग को रोकने हेतु कार्यवाही की जा रही है।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर